कितना सुंदर नाम है श्री राम तुम्हारा

कितना सुंदर नाम है श्री राम तुम्हारा श्री राम तुम्हारा,
दुख और सुख में हम सब सुमीरै संकट मीटे हमारा.....

कौशल्या के प्यारे दशरथ राज दुलारे,
सीता संग बिहाये धनुष हाथ में धारे,
हे सुख दाता भाग्य विधाता हमने तुम्हें पुकारा,
कितना सुंदर नाम है श्री राम तुम्हारा.....

जब से यह धरती बनी है सूरज चांद सितारे,
तब से यह दुनिया वाले नाम तुम्हारा गाये,
पत्थर रूप अहिल्या तारी लगते चरण तुम्हारा,
कितना सुंदर नाम है श्री राम तुम्हारा.....

हम सब मिलकर गाऐ जीवन सफल बनाएं,
आप बने बनवारी शबरी के घर आए,
शबरी के संग प्रीत लगाई रघुवर प्यार तुम्हारा,
कितना सुंदर नाम है श्री राम तुम्हारा.....

गज और ग्राह लड़े जल भीतर लड़क लड़क गज हारा,
गज ने फूल तोड़ कर रघुजी अर्पण किया तुम्हारे,
द्रोपति की जब लाज बचाई ग्राहक को आकर मारा,
कितना सुंदर नाम है श्री राम तुम्हारा.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30574/title/kitna-sundar-naam-hai-shree-ram-tumhara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |